कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 21.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सभी स्नातक पाठ्यक्रमो मे पंजीकरण दिनांक 15.07.2023 को बन्द कर दिये गये थे। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों (बी0पी0ई0एस0/ बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस पाठ्यक्रमों को छोड़कर), एवं सभी सर्टिफिकेट/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जो प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) 21.07.2023 की शाम को प्रकाशित की जानी थी।

अब यह प्रथम वरीयता सूची तकनीकी कारणो से दिनांक 23.07.2023 को प्रकाशित की जायेगी। प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांक 24.07.2023 से दिनांकः 27.07.2023 तक (04 कार्य दिवस) प्रवेश किये जायेंगे। विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांकः 27.07.2023 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

परन्तु चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में संचालित बी0ए0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय)/ बी0कॉम0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय) मे पंजीकरण अगले आदेश तक होते रहेंगे।

प्रथम वरीयता सूची पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय /संस्थान आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

Bhue 21/7/23
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–
1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Bhue 21/7/23
प्रवेश समन्वयक